दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः-207
मुरादाबाद
(Monday)
18 November 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया


भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## झांसी अग्निकांड: एक और नवजात शिशु की मौत... आग में झुलसकर मरने वालों की संख्या 11 हुई

झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड में एक और नवजात की मौत हो गई है। डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि रविवार को उपचार के दौरान एक और शिशु ने दम तोड़ दिया। हादसे में मरने वालों की संख्या 11 पर पहुंच गई है।झांसी मेडिकल कॉलेज की एसएनसीयू में आग में मरने वाले नवजात शिशुओं की संख्या रविवार को बढ़कर 11 हो गई है। शुक्रवार की रात एसएनसीयू



में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिसमें 10 बच्चों की मौत हो गई थी। डीएम ने बताया कि हादसे के समय एसएनसीयू में 49 नवजात शिशु थे। 39 शिशुओं का रेस्क्यू किया गया था। डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि रविवार को उपचार के दौरान एक और शिशु की मुत्यु हो गई है। इससे हादसे में मरने वालों की संख्या 11 पर पहुंच गई है। लोड घटाना भूले, शॉर्ट-सर्किट के बाद भड़की आग ने निगलीं 11 जिंदगियां- नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष ( एसएनसीयू ) में शुक्रवार देर रात लगी आग की वजह साफ नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगने की बात तो कुबूल कर रहा है, लेकिन शॉर्ट सर्किट कैसे हुआ, इसका जवाब देने के लिए अफसर राजी नहीं हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एसएनसीयू में उपकरणों के अत्यधिक लोड की वजह से शॉर्ट-सर्किट हुआ। इसके बाद चिंगारी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तक पहुंची। इसके बाद ही आग बेकाबू हो गई। पुलिस आग लगने के अन्य पहलुओं को भी खंगालने में जुटी है। एसएनसीयू वार्ड में जन्म के तुरंत बाद पीलिया, निमोनिया के शिकार नवजातों को रखा जाता है। नवजात के तापमान को अनुकूल करने के लिए वार्मर भी लगाए गए हैं। जानकारों के मुताबिक यहां क्षमता से तीन गुना अधिक नवजात भर्ती किए गए थे। इस वजह से जीवनरक्षक उपकरणों को लगातार चलाए रखना पड़ रहा था। मॉनिटरिंग मशीन भी लगातार चलती रहती है। तीन-चार घंटे बाद लोड को कम करने के लिए इनमें से कुछ उपकरणों को बंद करना होता है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण शुक्रवार रात यह उपकरण समय पर बंद नहीं हो सके। इस वजह से यह उपकरण अत्यधिक गर्म हो गए। इससे शॉर्ट सर्किट हुआ, इसकी चपेट में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर आ गया। इससे वहां ऑक्सीजन का रिसाव शुरू हो गया। इससे आग तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरे वार्ड को अपने चपेट में ले लिया। आखिरी ब्लॉक में भर्ती नवजात नहीं निकाले गए बाहर- चंद मिनट में आग दोनों कमरों में फैल गई। इन दो ब्लॉक में नवजातों को रखा गया था। आग लगते ही पहले ब्लॉक में भर्ती नवजातों को तो तुरंत बाहर निकाल लिया गया लेकिन, आखिरी ब्लॉक में भर्ती नवजात बाहर नहीं निकाले जा सके। पुलिस के सामने एक चश्मदीद भी सामने आया है। चश्मदीद ने बताया कि ऑक्सीजन पाइप को पिघलाने के लिए कंसंट्रेटर को बंद किए बिना गर्म किया गया। इस वजह से ऑक्सीजन का रिसाव हो गया और वार्ड में आग फैली। हालांकि पुलिस अफसर इस बयान को बहुत अधिक विश्वसनीय नहीं बता रहे। सीएफओ राजकिशोर राय का कहना है कि वहां अधिक विद्युत लोड होने से शॉर्ट-सर्किट हुआ। अन्य पहलू भी खंगाले जा रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### मंत्री नंदी के अकाउंटेंट से ठगी की रकम से की गई क्रिप्टो करेंसी की खरीदारी, पुलिस की टीमें गठित

जांच में पता चला कि शुरुआती तीन खातों से आगे ठगी रकम को कई खातों में ट्रांसफर किया गया है। इन्हीं में से दो से तीन खाते ऐसे हैं, जिनसे क्रिप्टो करेंसी खरीदी गई है। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि अब तक लगभग 100 बैंक खाते सामने आ चुके हैं, जिनमें ठगी के पैसों को भेजा गया है कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के बेटे की व्हाट्सएप पर तस्वीर लगाकर 2.08 करोड़ ठगी का मामला उलझता जा रहा है। जांच में पता चला कि इस रकम में से कुछ रुपयों का इस्तेमाल बेंगलूरू में क्रिप्टो करेंसी की खरीदने में किया गया है, हालांकि पुलिस पता कर रही है कि कितने पैसों से क्रिप्टो करेंसी खरीदी गई है। जिन खातों से खरीदारी की गई है उन खाता धारकों को पुलिस ने अपनी सूची में शामिल कर लिया है। अब तक ठगी की रकम 2.08 करोड़ रुपये को 100 से अधिक खातों में ट्रांसफर किया जा चुका है।पुलिस इन खातों का सत्यापन करवाने में जुटी है। आशंका है कि इनमें से कुछ खाते ऐसे भी हो सकते हैं, जो सिर्फ पुलिस को गुमराह करने के लिए भोले-भाले लोगों के खाते में पैसा भिजवाया गया है। केस को सुलझाने के लिए साइबर पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं। वहीं, गोरखपुर में पान मसाला बनाने वाली कंपनी के मालिक की डीपी लगाकर जीएम से 2.17 करोड़ की ठगी का मामले को भी पुलिस जोड़कर देख रही है। अब तक 100 से अधिक खातों में पैसा ट्रांसफर-जांच में पता चला

## 'राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए', कांग्रेस नेता की टिप्पणियों पर गडकरी का पलटवार

राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना का मुद्दा उठाने गडकरी ने कहा कि असली मुद्दा गांवों, गरीबों और किसानों के कल्याण का है। गरीबों की कोई जाति और धर्म नहीं होता और एक मुसलमान को भी अन्य लोगों के समान ही पेट्रोल मिलता है।महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर पलटवार किया। उन्होंने सभी नेताओं से राहुल गांधी को गंभीरता से न लेने की अपील की। दरअसल, हाल ही में कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से की थी। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी भी राष्ट्रपति बाइडन की तरह भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं। नागपुर में प्रचार के दौरान भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा कि कांग्रेस नेता जिस की बाते करते हैं, कोई भी उन्हें गंभीरता से नहीं है। उन्होंने कहा



कि राज्य की जनता 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव में एक बार फिर महायुति सरकार पर भरोसा जताएगी। भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा, जिस तरह से राहुल गांधी बोलते हैं, उन्हें कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। मुझे लगता है कि लोगों को उनकी टिप्पणियों को भी गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। राहुल गांधी ने हाल ही में पीएम मोदी की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से की थी। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी भी राष्ट्रपति बाइडन की तरह भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं।लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को किया गया भ्रमित- गडकरी- लोकसभा चुनाव में महायुति सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसे लेकर सवाल किए जाने पर नितिन गडकरी ने कहा, 卐लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं को भ्रमित किया गया था। एक कहानी बनाई गई थी कि अगर हम 400 से अधिक सीटें जीतेंगे तो बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में संशोधन करेंगे। उन्होंने आगे कहा, संविधान को बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। हम न तो ऐसा कभी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अब लोगों को मालूम चल गया कि लोकसभा तुनाव के दौरान विपक्ष का अभियान झूठ पर आधारित था। अब उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में महायुति को सकारात्मकता के साथ समर्थन देने का फैसला किया है। बंटेंगे तो कटेंगे नारे पर प्रतिक्रिया देते हुए नितिन गडकरी ने कहा, हम विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं। हम सब एक हैं। कोई मंदिर जाता है, कोई मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च, लेकिन हम सब भारतीय ही हैं और हमारे लिए देश ही सबकुछ है। बटेंगे तो कटेंगे नारे पर नितिन गडकरी ने दी प्रतिक्रिया- बता दें कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी पर अपना विरोध जताया था। इस पर भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा, पहली बात यह कि हम अलग पार्टी हैं और यह जरूरी नहीं कि हमारे विचार एक हो। राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना का मुद्दा उठाने गडकरी ने कहा कि असली मुद्दा गांवों, गरीबों और किसानों के कल्याण का है। महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना ( यूबीटी ), एनसीपी ( एसपी ) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी ( एमवीए ) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

## शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि; उद्धव-शिंदे समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी ( सपा ) प्रमुख शरद पवार, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और शिवसेना ( यूबीटी ) नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को एक्स पर श्रद्धांजलि दी।शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर तमाम नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। इसमें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेता शामिल थे। शिवसेना ( यूबीटी ) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क में अपने पिता की समाधि पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के कई सदस्यों ने भी बाल ठाकरे के सम्मान में स्मारक का



दौरा किया। शिवसेना के संस्थापक का लंबी बीमारी के बाद 17 नवंबर, 2012 को मुंबई में उनके आवास %मातोश्री% में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी ( सपा ) प्रमुख शरद पवार, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और शिवसेना ( यूबीटी ) नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को एक्स पर श्रद्धांजलि दी। पवार ने कहा, शिवसेना पार्टी के संस्थापक, व्यंग्यकार और राजनेता दिवंगत बालासाहेब ठाकरे को नमन, जिन्होंने मराठी लोगों के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गायकवाड़ ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने मराठी लोगों पर राज किया और जीवन भर मराठी लोगों के न्याय और अधिकारों के लिए लड़ते रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता फडणवीस ने अपने संदेश में कहा, हिंदूहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को उनके स्मृति दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिंदे की ओर से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह के बाद 2022 में शिवसेना दोफाड़ हो गई। इसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी ( एमवीए ) सरकार गिर गई। फिर शिंदे ने सरकार बनाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। बाद में चुनाव आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी।

## 'न मणिपुर एक है, न सेफ है', कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हिंसा को लेकर केंद्र पर भड़के

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है। मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मणिपुर न तो सुरक्षित है और न ही एक रहा है। खरगे ने भाजपा सरकार पर बंटवारे की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट



में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है, जिससे इसके लोगों का भविष्य तबाह हो गया है। हम ये पूरी जिम्मेदारी से कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है ताकि अपने बंटवारे की राजनीति को जारी रख सके। राज्य के लोग आपको माफ नहीं करेंगे खरगे ने कहा कि मणिपुर में भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल रही है और राज्य के लोग कभी भी इसके लिए भाजपा को माफ नहीं करेंगे। खरगे ने लिखा कि मणिपुर में 7 नवंबर से अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है और सीमावर्ती राज्य में हिंसा बढ़ती जा रही है। अगर आप भविष्य में मणिपुर का दौरा करते हैं तो राज्य के लोग कभी भी आपको न माफ करेंगे और न ही ये भूलेंगे कि आपने उनके साथ क्या किया। मणिपुर में शनिवार को हिंसा की आग फिर भड़क गई और गुस्साए लोगों ने कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साई भीड़ सीएम आवास की तरफ भी बढ़ी थी, लेकिन पुलिस ने बड़ी मुश्किल से हालात पर काबू पाया। रविवार को पुलिस ने हिंसा और आगजनी के मामले में 23 लोगों को गिरफ्तार किया है। राजधानी इंफाल में अगले आदेश तक कर्फ्यू लगा दिया गया है।

## राज्यमंत्री ने पिता की दुकान पर चलाया हथौड़ा: यह आखिरी निशारी कह रो पड़ी गुलाब देवी, अतिक्रमण की जद में थी

चंदौसी में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी ने अपने पिता की दुकान पर खुद हथौड़ा चलाया। पिता की दुकान को तोड़ते समय उनकी आंखें नम हो गईं। उन्होंने सभी से अभियान में सहयोग की अपील की।चंदौसी में नगर पालिका परिषद की ओर से पिछले एक सप्ताह से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। इस बीच माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने सुभाष रोड स्थित अपने पिता स्वर्गीय बाबूराम की दुकान पर खुद हथोड़ा चला कर नागरिकों को अभियान में सहयोग करने का संदेश दिया। सुभाष रोड



पर उनके आवास के निकट स्थित दुकान में राज्य मंत्री के पिता कपड़ो पर प्रेस करने का कम करते थे। करीब चालीस साल तक उन्होंने इस दुकान पर काम किया था। अतिक्रमण की जद में उनकी दुकान भी आ गई। रविवार को राज्य मंत्री ने दुकान पर खुद हथौड़ा चला कर दुकान को धवस्त करने की शुरुआत की।इस दौरान राज्यमंत्री की आंखें नम हो गई। राज्यमंत्री ने कहा कि यह दुकान उनके पिता कि निशानी थी। कहा कि अपना शहर साफ स्वच्छ और स्वस्थ हो। इस मंशा से अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। इस दौरान डीएम राजेंद्र पैंसिया, डिप्टी कलक्टर व ईओ विनय मिश्रा उपस्थित रहे।

## संपादकीय Editorial

### Corrupt traders of 'Ayushman'

The traders of health and treatment have found corruption in the 'Ayushman Bharat' scheme as well. Private hospitals are earning lakhs of rupees. Fake treatments are being done and insurance claims are also fake. The syndicate lobby of private hospitals has forced even doctors to become corrupt and unethical. If you are unwell and need to go to the hospital, the first question the hospital staff will ask is – Do you have an Ayushman card? Because you do not have to bear the cost of treatment. Through the 'Ayushman card' the Government of India ensures free treatment up to Rs 5 lakh, so the hospitals collect insurance claims from the government through that card. The traders have found a way to earn extra income through Ayushman and are exploiting it to the fullest. Recently, a case of a private multispecialty hospital in Gujarat has come to light. A free camp for health checkup was organized. That was a hoax. 19 such people, who were Ayushman card holders, were brought to the hospital from villages in the name of proper health checkup. 7 of them were deceived in the name of treatment and stents were inserted in their hearts after performing an 'angioplasty' operation. Those people did not have any heart disease earlier. The relatives of those alleged patients were not even informed and no written, signed consent was taken. The amazing thing is that the permission of the concerned department of the Government of India was also obtained in a few hours. This permission is usually obtained in two days. The result of these operations was that two alleged patients died and 5 others are undergoing treatment in the ICU. This is the latest information till the time of writing this editorial. The profession of a doctor was tampered with, an unethical crime was committed, rather it amounts to murder. There was greed that a good amount of money would be received from the Government of India in return for the operations that were done. The relevant question is whether the doctors who performed the operations were really 'cardiologists'? Was the operation necessary? Were the stents of better quality or were the patients' lives ruined by putting cheap, inferior stents? The doctor is said to be absconding, but what will happen to his professional recognition? Will the recognition be cancelled and a murder case be filed against the doctor? In this context, the biggest and darkest villain and culprit is the hospital management. Of course, the recognition of the hospital should not be cancelled, but the current management should be dismissed with immediate effect. How many cases of Ayushman card holders have come to the hospital in the recent past, what was their illness or were they not even ill, were operations done forcibly, all these aspects should be investigated in detail. The officials of the concerned department of the Government of India should also be thoroughly investigated to see if there was any collusion and collusion, money transactions! The Government of India has expanded the scope of the Ayushman card. Now every citizen above the age of 70 is eligible to get this health insurance. About 5 lakh people have also registered themselves under the expanded scheme. About 6 crore elderly Indians will benefit from this new scheme. It remains to be seen whether this scheme will also fall prey to the corrupt system and moral degradation or not. No separate budget provision has been made for the extended scheme of Ayushman. This scheme is undoubtedly very humane and unique, but the laxity of the states, lack of resources in government hospitals and the crowd like sheep and goats, hence the increasing indifference of the common man, such corrupt and unethical traders.

# Lack of internal democracy in political parties

Aspects like hard work and dedication of party workers often become secondary in ticket distribution. In it, the entire emphasis is given only to the winning angle. In such a situation, loyal workers are sidelined and priority is given to money power, muscle power and caste-religious aspects. Especially, as elections are becoming more expensive, the importance of money power is increasing. In contemporary Indian politics, defection is a quagmire in which almost every political party is stuck. If we don't go too far, whether it is the Lok Sabha elections held from April to June or the assembly elections of Haryana and Jammu and Kashmir held recently, or if we take the example of Maharashtra-Jharkhand, which are facing the election process these days, then you may be confused about some leaders as to which party they are associated with these days. All the parties in both the states are grappling with dissatisfied and rebel candidates. In fact, leaders and parties have made defection so normal that it seems as if it is not an issue at all. However, this is not so. Whether it is a demand of morality or if we talk about an ideal political system, then this practice of defection definitely raises the question of trust and credibility in the political system. The first question that arises in this debate is why does this practice continue in our system? If we investigate the answer to this, then we will see the lack of political and election reforms. The mentality of some of our leaders, motivated by vested interests, is also at the root of this, which, if not a partner in power, at least wants to be close to it. Defection usually happens in two ways. One is before the election and the other is after the election. It is natural that people change sides in case they are denied a ticket in the election. However, there is not much danger in this, because before the election, the situation is clear to the voters as to who is in whose camp. In both situations, the defection that happens after the election is of a much more serious nature, because there is a greater risk of cheating the voters. Perhaps this is the reason that to curb the post-election defections, the Rajiv Gandhi government enacted the Anti-Defection Law in 1985, which was further strengthened by the Atal Bihari Vajpayee government in 2002. This did solve the problem of post-election defections to some extent, but it could not be completely resolved. The leaders have found a solution to this as well. Since a certain number is required for defection, after making that arrangement, it has now started happening in a more institutionalized manner. Even the majority figures are distorted by the representatives resigning from their membership of the House after the election. After that, the electoral process has started becoming even more cumbersome due to by-elections. At the same time, when the parties of the alliance fighting the election together go their separate ways for the sake of power, then that too is a kind of deception with the public opinion and mandate. The problem of defection has become more severe with time, and our political parties are the most guilty of it. Small parties are being run like personal estates, but the condition of big parties is also not very good. The leadership of big parties has also become centralized beyond limits. Internal democracy is also not in an ideal state. There is no definite process for candidate selection. In ticket distribution, aspects like hard work and dedication of the party worker often become secondary. In it, full emphasis is given only on the winning angle. In such a situation, loyal workers are being sidelined and priority is being given to money power, muscle power and caste-religious aspects. Especially as elections are becoming more expensive, the importance of money power is increasing. In such a situation, wealthy candidates have started getting preference. If such claimants do not get a ticket from their party due to some reasons, then the rival party accepts them readily. In many cases, it has also been seen that within five minutes of taking membership of the party, the said person is declared a candidate by the party. A leader who was holding a rally in favor of someone till half an hour ago suddenly reaches the stage of another party and starts lobbying for it. This highlights the ironies of the Indian political scenario. No legal initiative can necessarily be effective in stopping defection. Just look at the ill-effects of the anti-defection law. After its implementation, the personal rights of the public representatives have become so limited that they cannot even present their views on many issues. Many political observers interpret this situation in such a way that after the implementation of the anti-defection law, the public representatives have become 'bonded' to the political parties. Therefore, it would be better if the public itself becomes aware of this matter and forces the political parties to be responsible and accountable. All parties should work to correct the structural deficiencies related to our political system and take steps towards long-pending political and election reforms. Some lessons can be learnt in this matter from the countries of America and Western Europe. Our political parties can move forward by assimilating the positive points of the well-organized and well-organized political system of the West. In this, the system from the process of candidate selection to election funding and political adjustment can be improved. Although it is not that there is no problem of defection in the mature democratic countries of the West, but it is not so severe. There, from leaders to Political parties are quite vocal about their ideological insistence and the politics of ideology is not such that it can be suddenly changed like a skin. Whereas in India, even the leaders who claim to carry the palanquin of ideology do not shy away from changing it like clothes in this matter. In such a situation, if the ideology, internal democracy and the process of candidate selection are made transparent, then the problem of defection can be curbed to a large extent.

# PM Awas Yojana is an ambitious scheme, promoting transparency

PM Awas Yojana Scheme There is a need to end the competition of schemes that are unproductive or promote freebies. Government money should not be allowed to be used to create vote banks. This is the right time that people should be given the same facilities in every government scheme as are being given to the applicants of PM Awas Yojana. The most notable of the various improvements made in the second phase of PM Awas Yojana, which fulfills the dream of owning a house of Modi government, is that now the applicants will also be able to know the status of their application. This will not only let them know when their dream of owning a house will be fulfilled, but in case of any obstacle, they will also be able to know who is responsible for it. Due to this, it will be easy for the government to complete the houses being built under PM Awas Yojana on time. PM Awas Yojana is an ambitious scheme. In the first phase of this scheme, approval was given to build 1.18 crore houses. Most of these have been built. In the second phase of this scheme, a target has been set to build one crore houses. A budget of Rs 10 lakh crore has been kept for this. This includes a subsidy of Rs 2.3 lakh crore. Every possible measure should be taken to ensure that such a huge amount is utilized properly and on time. At present, it is difficult to say when all those people in urban and rural areas who do not have their own house will be able to get a roof over their head, but it cannot be ignored that the PM Awas Yojana is helping in fulfilling the desire of crores of people. When homeless people get their own house, they not only find themselves more capable along with living a better life by being equipped with civic amenities, but their self-confidence also increases. They are ready to increase their income and thus help in the economic upliftment of the nation. Whether it is the central government or the state governments, they should pay special attention to such schemes that can help people stand on their own feet. It is not right that when there is a need to give top priority to schemes that make people self-reliant and economically more and more capable, then there is a race to implement populist schemes. There is a need to end the competition of schemes that are unproductive or promote freebies. Government money should not be allowed to be used to create vote banks. This is the right time that people should be given the same facilities in every government scheme as are being given to the applicants of the Pradhan Mantri Awas Yojana. This will not only bring transparency in the implementation of schemes, but will also help in completing them on time. It cannot be ignored that there is still a lack of transparency in government functioning. At least this should happen in every government department so that people know what is the status of their application or where and why the solution of the complaint they have made is stuck?



# नगर निगम बोर्ड की बैठक जल्द बुलाने की मांग, महापौर को नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद- नगर निगम बोर्ड की बैठक लंबे समय से जनहित के मुद्दों की उपेक्षा की बात कहते हुए



सदन में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने पार्टी के अन्य पार्षदों के साथ मिलकर पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय पहुंचकर महापौर विनोद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया कि नगर निगम बोर्ड की बैठक आठ महीने से अधिक समय से नहीं हुई है। इससे जनहित की उपेक्षा हो रही है। पार्षदों को महानगर व अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए भटकना पड़ रहा है। अधिकारी भी जन समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे में जनहित में नगर निगम बोर्ड की बैठक जल्द बुलाया जाए। जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके। ज्ञापन देने वालों में पार्षद शमशेर अली, शाहीन परवेज, मोहम्मद जुनैद, नदीम उद्दीन कातिब, मोअज़्ज़म अली, भारतीय परवेज़ इस्लाम आदि शामिल हैं।

# बिना फायर एनओसी चल रहा मुरादाबाद जिला अस्पताल, चार माह पहले लग चुकी आग

मुरादाबाद- झांसी मेडिकल कॉलेज में आग की घटना ने मुरादाबाद के अस्पतालों की सुरक्षा खामियों को उजागर किया है। जिले में 500 से ज्यादा अस्पतालों में से 100 से कम के पास फायर एनओसी है, जिसमें जिला अस्पताल भी शामिल है। आग से बचाव के इंतजाम न होने से मरीजों की जान हमेशा खतरे में रहती है। झांसी के मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात लगी आग में कई बच्चों की जान चली गई। मुरादाबाद में भी कई अस्पताल ऐसे हैं, जिनके पास फायर एनओसी नहीं हैं। हैरानी की बात यह है कि मुरादाबाद का जिला अस्पताल भी बिना फायर एनओसी के चल रहा है। यहां आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सीएमओ कार्यालय में जिलेभर में 500 से ज्यादा अस्पताल, लैब और क्लीनिक पंजीकृत हैं। हैरानी की बात है कि फायर विभाग से 100 से भी कम अस्पतालों ने एनओसी ले रखी है। बाकी अस्पताल बिना एनओसी के चल रहे हैं। पिछले दिनों फायर विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीमों ने अभियान चलाकर अस्पतालों को चेक किया था। जिन अस्पतालों के पास एनओसी नहीं है, उन्हें नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बाद कुछ ही अस्पताल संचालक आगे आए और उन्होंने फायर विभाग से एनओसी ली। बाकी अस्पताल अभी ऐसे रामभरोसे ही चल रहे हैं। जिला अस्पताल भी बिना फायर एनओसी के चल रहा है। इसके कारण हमेशा मरीज और तीमारदारों की जिंदगी को खतरा बना रहता हैं। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। बावजूद इसके अस्पताल संचालक एनओसी नहीं ले रहे हैं। 100 से भी कम अस्पतालों के पास एनओसी है। कुछ माह पहले जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लग गई थी। तब जिला अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर एनओसी लेने के लिए कहा गया था। जिला अस्पताल की ओर से एनओसी मांगी गई थी , लेकिन निरीक्षण में खामियां मिलने पर एनओसी नहीं दी थी। बैटरियां फटने से ट्रॉमा सेंटर में लगी थी आग- चार महीने पहले जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बने सीटी स्कैन कक्ष के पास वाले कमरे में बैटरियों के फटने से आग लग गई थी। एक-एक करके 34 बैटरियां फट गई थीं। थोड़ी ही देर में पूरे ट्रॉमा सेंटर में आग की लपटें और धुआं छा गया था और भगदड़ मच गई थी। इस धमाके के बाद कई दिन तक सीटी स्कैन नहीं हो सके थे और मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी थी। इसके बाद भी जिला अस्पताल प्रबंधन आग से बचाव के इंतजाम को लेकर संवेदनशील नहीं है।





## मोहम्मद यूनुस का सिर कलम करने पर पांच करोड़ का इनाम

ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और नारायणी सेना कृष्ण के संरक्षक विजय यादव ने शनिवार को विवादित बयान दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि बांग्लादेश के सलाहकार मोहम्मद यूनुस का दुनिया का कोई भी व्यक्ति सिर कलम करके लाकर देगा तो वह उसे 5 करोड़ रुपये का नकद इनाम देंगे। इसके साथ ही डिफेंडर कार और उसकी सुरक्षा के लिए एक फॉर्च्यूनर कार भी इनाम में दी जाएगी।पूर्व विधायक विजय यादव ने शनिवार को अपने आवास पर पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा कि बांग्लादेश के सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के इशारे पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ खास तौर से हिंदू समुदाय के भगवान श्री कृष्ण के अनुयायियों पर लगातार अनैतिक अत्याचार किया जा रहा है। यह बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के इशारे पर बांग्लादेशी सेना वहां के हिन्दू अल्पसंखयक विशेष कर कृष्ण के अनुआई को घरों से खींच कर मार रहे हैं। यहां तक कि बांग्लादेश में इस्कॉन टेंपल को प्रतिबंधित करने की योजन बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिन्दुस्तान में अल्पसंख्यकों के संरक्षक बनने वाले समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, बहुजन पार्टी की मुखिया बहन मायावती और कांग्रेस के राहुल गांधी का जमीर मर गया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, लेकिन ये नेता आंखें मूंदे हुए हैं। पूर्व विधायक ने कहा की हम भगवान कृष्ण के वंशज हैं। बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार नहीं सहेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि नारायणी सेना को हथियार उपलब्ध करा दिए जाएं तो बांग्लादेश जाकर वहां हो रहे हिंदुओं के कत्लेआम का हिसाब कर लेंगे। साथ ही ऐलान कि बांग्लादेश के मोहम्मद युनुस का दुनिया का कोई भी व्यक्ति सिर कलम करके लाकर देगा तो वह उसे 5 करोड़ रुपये और डिफेंडर कार के साथ-साथ उसकी सुरक्षा के लिए फॉर्च्यूनर इनाम में देंगे



# मुरादाबाद में दो पक्षों में विवाद, नाराज लोगों ने घरों के बाहर लगाए पलायन के पोस्टर

मुरादाबाद- मुरादाबाद के कटघर इलाके में मकान बेचने को लेकर विवाद के चलते मोहल्ले में तनाव बढ़ गया है। दूसरे समुदाय के लोगों को मकान बेचने की सूचना से नाराज लोगों ने पलायन के पोस्टर लगाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मुरादाबाद के कटघर के मेहबुल्ला गंज में डिप्टी जगन्नाथ सिंह मंदिर वाली रोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की सुगबुगाहट से हड़कंप मच गया। नाराज होकर मोहल्ले के 20-25 लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। पोस्टर में लिखा हैकि मैं अपने परिवार सहित पलायन करा हूं। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई। मोहल्ले में पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति का लोगों से विवाद चल रहा है। इसके कारण कई बार पुलिस को भी आकर मामले को शांत करना पड़ा। मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति अपना मकान बेचना चाहता है।उनका शिशु मंदिर के पास ही दो मंजिला मकान है। मोहल्ले वालों का कहना है कि राहुल गुप्ता हिंदू समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने को तैयार नहीं हैं। वह दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचना चाहते हैं। मोहल्ले के लोगों ने कहा कि इस मामले को पहले भी सिटी मजिस्ट्रेट, कटघर सीओ व एसपी सिटी के सामने रख चुके हैं। कही सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए। लोगों का कहना है कि मोहल्ले के ही कई लोग मकान की अच्छी कीमत देने को तैयार हैं, लेकिन मकान मालिक दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की जिद पकड़े है। लोगों ने कहा, कर जाएंगे पलायन- मोहल्ले के रामजी ने बताया कि शिशु मंदिर का रास्ता लाजपतनगर पुलिस चौकी के बराबर से है। यह पूरा क्षेत्र दूसरे संप्रदाय का हो चुका है। इस कारण छात्र-छात्राओं को शिशु मंदिर तक आने-जाने में आए दिन विवाद होता रहता है। इसकी पहले शिकायतें भी हुई हैं। इसी विवाद के चक्कर में अधिकांश बच्चे अब डिप्टी साहब के मंदिर परिसर से होकर स्कूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि राहुल गुप्ता का मकान दूसरे संप्रदाय के लोग खरीदें अन्यथा विवाद हो जाएगा। दरवाजे पर पलायन करने के पोस्टर लगाने वाले अंशू व रामवती ने कहा कि प्रशासन उनके मामले में सुनवाई नहीं कर रहा है। यदि दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचा गया तो वह लोग पलायन कर जाएंगे। यही बात रॉबिन, प्रेमराज, कैलाश गिरि, राम सिंह, बल्लू राम, विभव सिंह भी कही। यहीं पर आनंद की पॉलिश फैक्ट्री है, वह कहते हैं कि उनके मोहल्ले में दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति ने मकान खरीदा तो वह भी पलायन कर जाएंगे। सभी लोगों ने प्रदर्शन भी किया। सीओ-थानाध्यक्ष ने दिया समाधान कराने का आश्वासन एसपी सिटी के कहने पर मुहल्ले के लोग शनिवार शाम चार बजे कटघर थाने पहुंचे। यहां सीओ कटघर अश्वनी सिंह, थानाध्यक्ष संजय कुमार, लाजपतनगर चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार थे। मोहल्लेवालों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश प्रजापति, वार्ड-48 के पार्षद कुलदीप नारायण व लाजपतनगर के पार्षद विवेक शर्मा भी थाने गए। इनके साथ मोहल्ले के शिशु मंदिर स्कूल के प्रबंधक देवराज सिंह, विनोद सक्सेना, नीरज गुप्ता, राम जी राम, निवेश गुंबर, धीरशांत दास अर्द्धमौनी थे। रामजी ने बताया कि सीओ व थानाध्यक्ष ने कहा है कि कुंदरकी उपचुनाव होने के बाद 24 नवंबर को मामले का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवादित मकान के भूतल को अभिनंदन ने किराए पर ले रखा है। इसी भवन में वह हैंडीक्रॉफ्ट का काम करते हैं। प्रथम तल के सभी कमरे खाली हैं। लाजपतनगर में पहले भी हो चुका है बवाल- कुछ वर्ष पहले ऐसा ही एक मामला लाजपतनगर में आया था, वहां भी एक व्यक्ति ने दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेच दिया था। रजिस्ट्री होने के बाद जब मोहल्ले के लोगों को पता चला तो उन लोगों ने काफी विरोध जताया था। प्रशासन को भी ज्ञापन दिया था।




## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में अश्लीलता को लेकर हंगामा: बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कैफे को घेरा, बड़ी संख्या में पुलिस तैनात

मुरादाबाद- मुरादाबाद के रामगंगा विहार में बजरंग दल ने अश्लीलता के आरोप लगाते हुए बंद कैफे के खिलाफ हंगामा किया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने शांत कराया



और लिखित शिकायत मांगी। पुलिस मामले की जांच करवा रही है। मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में रविवार को दोपहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हॉट कैफे में आए



दिन गलत हरकत होती रही है। अश्लीलता के चलते स्थानीय लोग परेशान हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर में वहां कुछ युवक-युवतियों को अश्लीलता करते देखा भी गया था। इसी के बाद से आसपास के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया था। कुछ ही देर में सूचना मिलने पर बजरंग दल के लोग भी पहुंच गए थे। भीड़ जुटने पर रामगंगा विहार चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। चौकी इंचार्ज कुलदीप राणा का कहना है कि कैफे तो पहले से ही बंद चल रहा है। इसमें ताला लगा है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल के लोग कैफे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिस पर उन्होंने विरोध जाता रहे लोगों से लिखित में शिकायत मांगी है। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र मिलेगा तो वह प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। चौकी इंचार्ज ने कहा कि कैफे में कोई भी अश्लील हरकत करने का मामला नहीं है और न ही कोई इस तरह की गतिविधि में शामिल पाया गया है।




## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल, पीलीभीत रोड बरेली में 16 वां वार्षिक खेल पुरूस्कार वितरण समारोह हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।रविवार को भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल, विधायक, बरेली कैण्ट- बरेली का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्या



ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं विद्यालय गीत के साथ हुआ। चारों सदनों के कैडेट्स ने मार्चपास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। उन्होंने खेल-कूद पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम की उद्घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंगलाचरण शंखनाद एवं अभिनंदन गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति के साथ ही अन्यान्य विद्यार्थियों ने अत्यन्त आकर्षक संगीतमयी ड्रिल प्रस्तुत की। भारत अनेक संस्कृतियों की साझी विरासत है इसको दिखाते हुए भारतीयम थीम को प्रदर्शित किया। पूरे वर्ष आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओ के वर्गों में प्राथमिक, जूनियर्स, इंटर्स एवं सीनियर्स के अलग-अलग बालक-बालिका वर्ग में 100, 200 एवं 400 मीटर रिले, बाधा दौड़, फ्रॉगरेस तथा हॉप रेस के अतिरिक्त शॉट पुट तथा जैवलिन थ्रो, कैरम आदि की स्पर्धाएं सम्पन्न हुई। सीनियर वर्ग में वॉलीबाल, फुटबॉल तथा टेबिल टेनिस आदि के मैच आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्पोर्ट्स ईवेंट्स की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक होते हैं। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 अल्पना जोशी ने आगुन्तक अतिथियों एवं

# अब गोदौलिया पर नहीं बनेगा रोपवे स्टेशन, तलाशी जाएगी दूसरी जगह; सीएम ने दिए ये निर्देश

अब गोदौलिया पर रोपवे स्टेशन नहीं बनेगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों के साथ बैठक कर कहा कि आपसी सहमति से नई जगह तलाश करिए।गोदौलिया पर बनने वाला रोपवे का स्टेशन अब वहां नहीं बनेगा। यह शनिवार को साफ हो गया। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनधियों और अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से दूसरी जगह तलाश करिए। इसके बाद अब अफसर गोदौलिया और गिरजाघर के बीच में कहीं स्टेशन बनाने के विकल्प तलाशने में जुट गए हैं। यदि स्टेशन का स्थान बदला तो डीपीआर बनने और उसके पाट्र्स तैयार होने में करीब 6 महीने का समय लग जाएगा। ऐसे में प्रोजेक्ट करीब एक साल और आगे बढ़ सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कहा कि गोदौलिया चौराहे को लेकर यदि वहां का आम जनमानस आपत्ति जता रहा है, तो उसे सुना जाना चाहिए। निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करिए और गोदौलिया और गिरजाघर के बीच में ही कहीं जो भी स्थान उचित हो वहां बनाइए।सूत्रों के मुताबिक इस पर अफसरों ने तर्क दिया कि गोदौलिया पर स्टेशन बनने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तय डीपीआर के हिसाब से जो नापजोख होने के बाद स्टेशन से जुड़े सभी पार्टस भी स्विट्जरलैंड में तैयार किए जा चुके हैं। अब अगर जगह बदलती है तो कई सारे बड़े बदलाव करने पड़ेंगे। हालांकि मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी सहमति से दूसरी जगह का चुनाव करिए। बीते दिनों व्यापारियों ने विधायक नीलकंठ तिवारी को ज्ञापन सौंपा था। व्यापारियों की मांग थी कि गोदौलिया पर स्टेशन बनने से उस चौराहे की भव्यता समाप्त हो जाएगी। यह भी सुझाव दिया था कि उसकी जगह गिरजाघर चौराहे पर स्टेशन बना दिया जाए।

# पीलीभीत की तहसील अमरिया क्षेत्र में चल रहे है अवैध अस्पतालों पर एसडीएम ने की छापेमारी एक किया सीज बाकी को दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच -सुमित गुप्ता

उत्तर प्रदेश के झांसी अस्पताल में हुई घटना के के बाद में यूपी में समस्त सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है इसी के तहत पीलीभीत जिला



अधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश पर आज पीलीभीत की तहसील अमरिया क्षेत्र में उपजिलाअधिकारी मयंक गोस्वामी द्वारा क्षेत्र के लगभग दर्जनों अस्पतालों का निरीक्षण किया गया जिसमें कमियां नजर आने पर उप जिलाधिकारी अमरिया द्वारा नोटिस दिया गया तथा अस्पतालों में फायर सिलेंडर आदि न होने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए बता दें कि आज अमरिया तहसील क्षेत्र में लगभग दर्जनों अस्पतालों में सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण उप जिला अधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी एवं पुलिस समुदाय स्वच्छ केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनिकेत गंगवार द्वारा किया गया एक मौके पर फायर ब्रिगेड के लोग भी मौजूद रहे और प्रत्येक अस्पताल में सिलेंडर की भी जांच की गई इसी दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी ने अमरिया कस्बे में अवध हॉस्पिटल को किया गया सीज बाकी हॉस्पिटल को दिया गया नोटिस

# बाइक मांगने को लेकर हुई कहासुनी, एक ने दूसरे को पीट-पीटकर मार डाला; गांव में फैली दहशत

श्रावस्ती में बाइक मांगने को लेकर दो लोगों में कहासुनी हो गई। एक ने दूसरे को पीट-पीटकर मार डाला। घटना से गांव में दहशत फैल गई।यूपी के श्रावस्ती में रविवार को दो पक्षों में बाइक मांगने को



लेकर विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि मारपीट में तब्दील हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक ननके को पीट-पीटकर मार डाला। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। घटना भिनगा कोतवाली क्षेत्र के केरवनिया जानकी नगर गांव की है। गांव निवासी सुनील ( 26 ) की बाइक गांव के ही जिलेदार का छोटा भाई मांग कर ले गया था। वापस देने के दौरान बाइक गिर गई थी। इसी बात को लेकर जिलेदार का सुनील के चाचा ननके उर्फ रामस्वरूप ( 49 ) से शाम करीब सात बजे कहासुनी हो गई। जिलेदार का आरोप था कि यदि बाइक स गिर कर उसका भाई घायल हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता। आरोपी मौके से फरार हो गया- इसी बात को लेकर दोनों आपस में भिड़ गए। तभी जिलेदार ने बांस की बल्ली से ननके के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गए। चाचा को बचाने पहुंचे सुनील को जानमाल की धमकी देते हुए जिलेदार ने मारा पीटा। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया। जहां इलाज के दौरान ननके की मौत हो गई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी- मामले में मृतक की पत्नी केवली ने जिलेदार पर अपने पति की हत्या करने व भतीजे को जानमाल की धमकी देने व गाली देने का आरोप लगाते हुए भिनगा कोतवाली में तहरीर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में एएसपी प्रवीण कुमार यादव का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी घर छोड़ कर फरार है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सीएम योगी बोले: कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए, उसने सिर्फ सत्ता के लिए देश को दो टुकड़ों में बांट दिया

महाराष्ट्र के चुनाव प्रचार के दौरान सीएम योगी कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि 1947 में यदि कांग्रेस यदि तो देश का विभाजन नहीं होता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चौथे दिन चुनावी प्रचार में उतरे। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं, नीतियों व सहयोगियों पर खूब हमला किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए है। इनका इतिहास भारत के साथ धोखा देने का रहा है। कांग्रेस की कायरता, लाखों हिंदू काटे गए। 1947 में कांग्रेस नेतृत्व पाकिस्तान बनता। पाकिस्तान के लिए दंगा करने आज निपटते हैं। राजनीतिक स्वार्थ के लिए की धरती पर महापुरुषों का वंदन किया। उन्होंने निरीक्षण कर रहा था, बताया गया कि यहां प्रतीक रखे जाएंगे। मैंने पूछा कि मुगलों का शिवाजी महाराज के नाम पर होगा और यहां मोदी के नेतृत्व में महायुति में जोड़ने वाली ताकते का कार्य कर रहा है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए अंग्रेजों का डीएनए आ गया है। कांग्रेस के लिए बांटों और राज करो की नीति पर चल रहे हैं। भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे – सीएम योगी ने की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता। उसे




सत्तालोलुपता थी कि भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया। चाहता तो भारत का विभाजन नहीं होता और न ही वाले मुसलमानों से वैसे ही निपटा जा सकता था, जैसे कांग्रेस ने देश व हिंदुओं को बांटा -सीएम योगी ने महाराष्ट्र बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद मैं आगरा में मुगल म्यूजियम है, जिसमें औरंगजेब व मुगल शासन के भारत से क्या संबंध है। इसे हटाइए, म्यूजियम छत्रपति भारत के गौरव को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम हैं तो महा अघाड़ी के नाम पर महा अनाड़ी गठबंधन बांटने कांग्रेस ने देश, हिंदू समाज को बांटा। कांग्रेस के अंदर देशहित कभी महत्व नहीं रखता। अंग्रेजों की तरह यह भी पहले पीओके, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भोसरी में कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकी अब भारत पता है कि नया भारत घुसकर मारता है। 10 वर्ष में पाकिस्तान की हालत यह हो है कि कटोरा लेकर घूम रहा है, लेकिन कोई भीख भी नहीं दे रहा। सीएम ने आह्वान किया कि भारत की ताकत को बढ़ाइए तो पहले पाक अधिकृत कश्मीर ( पीओके ) भारत में आएगा, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे। गोहत्या बंद कराने का काम भी महायुति गठबंधन ही कर पाएगा, कांग्रेस नेतृत्व नहीं। खरगे जी के गांव में कत्लेआम करने वाले कट्टरपंथी मुसलमान वही हैं, जो आज शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी करते हैं सीएम कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा के साथ ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर भी हमलावर रहे। बोले कि 1947 में खड़गे जी के गांव बारावत्ती को हैदराबाद के निजाम के रजाकारों ने जला दिया था, जिसमें उनकी मां, बहन व चाची की मृत्यु हो गई थी। जब मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे तो खड़गे जी को बुरा लगता है। खड़गे जी बताइए कि निजाम और उसके रजाकार कौन थे, जिन्होंने निर्ममतापूर्वक हिंदुओं का कत्लेआम किया था। आप कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन नेतृत्व के भय से नहीं बोल रहे। आपको सच्चाई बोलनी चाहिए। निजाम का रजाकार कोई और नहीं, बल्कि वही कट्टरपंथी मुस्लिम हैं, जो आज भी गणपति महोत्सव, रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव व विशालगढ़ जैसे किलों पर कब्जा कर भारत को अपमानित करने का कार्य करते हैं। महायुति सरकार बनी तो पत्थरबाज घर में सिमट जाएंगे -सीएम योगी ने कहा कि जब विशालगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कोशिश की जाती है तो पत्थरबाजी शुरू हो जाती है। सनातन पर प्रहार भारत पर प्रहार है। सनातन भारत के आधार का प्रतीक है, इस पर प्रहार महाविनाश को आमंत्रित करता है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# हाथरस में बिजली घर पर किया प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच -संतोष उपाध्याय

अलीगढ़ हाथरस के कस्बा सासनी मे भारतीय किसान यूनियन ने जिला संगठन मंत्री संजीव कुमार के नेतृत्व में सासनी के



